कानपुर-बांदा सैक्शन (मध्य रेलवे) पर रेलवे गार्ड को धमकी

2235. श्री म० ला० द्विवेदी :
श्री स० चं० सामन्त :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 25 सितम्बर, 1965 को मौदहा के कुछ विद्यार्थियों ने मध्य रेलवे के कानपुर—बांदा सैक्शन पर रगौल और अकोना स्टेशनों के बीच 112-अप यात्री रेलगाड़ी को खतरे की जंजीर खींच कर रोक लिया;

(ख) क्या यह भी सच है कि उन विद्यार्थियों ने उक्त रेलगाड़ी के गार्ड को जान से मारने की धमकी दी;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) उन विद्यार्थियों के विरुद्ध सरकार नें क्या कार्यवाही की है ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम सुभग सिंह): (क) जी, हां ।

(ख) जी, हां ।

(ग) घटना से तीन दिन पहले गार्ड ने विद्यार्थियों द्वारा अनधिकृत रूप से खतरे की जंजीर खींचे जाने के बारे में उन्हे टोका था और ऐसा जान पड़ता है कि विद्यार्थी इस बात से नाराज हो गये थे ।

(घ) शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा गया है कि इस घटना से सम्बद्ध विद्यार्थियों पर कारंवाई की जाये । इसके अलावा, सरकारी रेलवे पुलिस को भी सचेत कर दिया गया है । कानपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और हमीरपुर के पुलिस अधीक्षक से भी एहतियाती उपाय बरतने का अनुरोध किया गया है ।

बर्फ के फ्लेक बनाने के लिये मशीनों का निर्माण

2236. श्री द्वा० ना० तिवारी : क्या उद्योग तथा संभरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय यंत्रीकृत इंजीनियरी अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुर ने बर्फ के फ्लेक बनाने के लिए किसी मशीन का आविष्कार किया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या यह मशीन किसी कारखाने में वाणिज्यिक स्तर पर बनाई जा रही है और इस मशीन की लागत क्या है ?

उद्योग तथा संभरण मंत्रालय में भारी इंजीनियरिंग मंत्री (श्री त्रि० ना० सिंह): (क) जी, हां ।

(ख) जी, हां । इनके मूल्य 52,000 रु० से लेकर 2,60,150 रु० के बीच हैं जो 3 टन और 30 टन के बीच मशीनों की क्षमता के अनुसार भिन्न-भिन्न होते हैं ।

Statutory Board for Cardamom

2237. Dr. Sarojini Mahishi: Will the Minister of Commerce be pleased to state:

(a) whether a Statutory Board for Cardamom has been set up;

(b) if so, the location selected for its headquarters; and

(c) whether Government have taken into consideration the premier position occupied by Mysore State in this connection?

The Minister of Commerce (Shri Manubhai Shah): (a) Not yet, Sir.

(b) and (c). The headquarters of the Cardamom Board will be Ernakulam. In deciding on this location, due consideration has been given to relevant factors, such as the acreage under cardamom and production in the States producing this commodity.